an>

Title: Request to release payment, pending for two years to farmers under fasal beema yojana in Sheohar Parliamentary Constituency in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर, सीतामढ़ी और मोतिहारी जिले के विगत वित्तीय वÂर्ष के दौरान प्राकृतिक आपदा, सुखाड़ से किसानों की काफी फसल का नुकसान हुआ है। एक तो वैसे ही किसानों को अपनी लागत के बराबर कृषि से आय प्राप्त नहीं हो पा रही है, ऐसे में प्राकृतिक आपदा के समय फसलें बर्बाद होने से किसानों का जीवन बर्बाद हो जाता है।

पूर्व में सरकार ने कृÂिष फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने और नुकसान की भरपाई के लिए किया है। परंतु तत्कालिक फसल बीमा योजना में कई कमियां थीं जिसके कारण छोटे किसानों को उक्त योजना का लाभ नहीं मिल पाया था। सरकार ने नई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आरंभ की है जिसमें कम प्रीमियम है और नुकसान की भराई अधिक है। मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि कृÂिष बीमा फसल योजना के तहत पिछले दो सालों से बिहार में शिवहर, सीतामढ़ी एवं मोतिहारी जिले में जिन किसानों का भुगतान नहीं हुआ है उनको भुगतान किया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती रंजीत रंजन जी, आधे मिनिट में बोलना है। हम फ्लड पर चर्चा लेने वाले हैं।